श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल) : अध्यक्ष जी, इस वर्ष 15 अगस्त, 2005 को लाला किले से भाषण करते हुये माननीय प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की थी कि 10वीं योजना के अंत तक देश के हर जिले में एक कृषि विज्ञान केन्द्र खोला जायेगा। मेरा संसदीय क्षेत्र बहुत बड़ा है जिसमें अकोला में अभी तक कोई कृषि विज्ञान केन्द्र नहीं खोला गया है। इस संबंध में मुम्बई हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर की जा चुकी है। मुम्बई की एक नामी संस्था ने इसकी स्टडी करके रिपोर्ट दी है कि काश्तकारों को अच्छी तरह से समझाना चाहिये कि कौन सी फसल पहले लगायें। माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के लिये अच्छी बात कही गई है लेकिन हमारे विदर्भ में किसान आत्महत्यायें कर रहे हैं। इसलिये हमारे जिले में दो कृषि विज्ञान केन्द्र खोले जाने चाहिये ताकि किसानों द्वारा जो आत्महत्यायें की जा रही हैं, उन पर रोक लग सके।

MR. SPEAKER: Shri Mohan Rawale, I am allowing you because you are a sportsman.

SHRI MOHAN RAWALE (MUMBAI SOUTH CENTRAL): Thank you, Sir.

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि.(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : जो-जो सदस्य हाथ उठायेंगे, हम उन्हें नहीं बुलायेंगे।

श्री मोहन रावले : महोदय, दो दिन पहले मुम्बई शहर में मरीन लाइन्स में एक बिल्डिंग गिर गई, जिसमें 6 लोग मर गये। पिछले सप्ताह मेरे चुनाव क्षेत्र नागपाड़ा के टेमकर लेन में बिल्डिंग गिरने के कारण 11 लोग मारे गये। यह सब वहां ज्यादा वर्षा होने के कारण हो रहा है। मुम्बई शहर में 19642 बिल्डिंग डिलेपिलेटिड अवस्था में हैं, ये बहुत जर्जर हो चुकी हैं। वहां पांच सौ से अधिक बिल्डिग्स की तुंत मरम्मत होना बहुत आवश्यक है। मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि मुम्बई शहर से 57723 करोड़ रुपये सरकार को टैक्स के रूप में मिलते हैं। आज मुम्बई शहर में इन जर्जर इमारतों की तत्काल मरम्मत करने हेतु पांच हजार करोड़ रुपये की आवश्यकता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना